# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com


पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 87 / 2024 दिनांकः— 12 जनवरी, 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

**विषयः—प्रदेश के राज्य / निजी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में दिनांक 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान चलाये जाने तथा दिनांक 22 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 के बीच समस्त विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के भवनों को प्रकाशित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—3, द्वारा निर्गत पत्र संख्या मु0स0—02 / सत्तर—3—2024 दिनांक 10.01.2024 (प्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें।

तद्क्रम में आगामी दिनांक 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तदोपरान्त दिनांक 24 जनवरी को प्रदेश में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जायेगा एवं दिनांक 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व है।

निर्देशानुसार सभी महाविद्यालयों में आगामी दिनांक 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाये, जिसमें महाविद्यालय के अन्दर कक्षों में, परिसर में एवं उसके आस—पास किसी प्रकार की गन्दगी या प्लास्टिक आदि पूरी तरह साफ कर दिया जाये, जिससे परिसर स्वच्छ एवं सुन्दर दिखे।

इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 22 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 के बीच सभी महाविद्यालय के भवनों को प्रकाशित किया जाये।

संलग्नकः—यथोपरि।

भवदीय,

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—**

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ / आगरा।
3. प्रभारी वेबसाईट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगईन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करें।
4. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

12.01.24
उप कुलसचिव




Scanned with CamScanner

महत्वपूर्ण

संख्या–मु.स.-02/सत्तर–3–2024

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 10 जनवरी, 2024

**विषय : प्रदेश के राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में दिनांक 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान चलाये जाने तथा दिनांक 22 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 के बीच समस्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के भवनों को प्रकाशित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आगामी दिनांक 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तदोपरान्त दिनांक 24 जनवरी को प्रदेश में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाएगा एवं दिनांक 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आगामी दिनांक 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाये, जिसमें विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के अन्दर कक्षों में, परिसर में एवं उसके आस–पास किसी प्रकार की गन्दगी या प्लास्टिक आदि पूरी तरह साफ कर दिया जाये, जिससे परिसर स्वच्छ एवं सुन्दर दिखे।

3– इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 22 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 के बीच सभी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के भवनों को प्रकाशित किया जाय।

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

ARUN G.O.

Scanned with CamScanner

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

2– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित है कि अपने अधीनस्थ सभी महाविद्यालयों में उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

**(गिरिजेश कुमार त्यागी)**
विशेष सचिव।

ARUN G.O.

Scanned with CamScanner